विश्वविद्यालय ने 7000 पौधे लगाकर कर किया वृहद पौधारोपण

दिनांक 20 जुलाई 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण लक्ष्य में सात हजार पौधे लगाकर प्रदेश में 36.50 करोड़ पौधारोपण के लक्ष्य में अपनी सहभागिता किया। उच्च शिक्षा, वन विभाग, नागरिक सुरक्षा कोर एवम एनसीसी महा निदेशालय द्वारा निर्देशित एक पेड़ मां के नाम पर वृहद स्तर के पौधा रोपण लक्ष्य में कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल बाजपई एवं कुलसचिव डॉ प्रदीप राव जी ने पौधा रोपण कर अभियान की शुरुवात किया।

पौधारोपण अभियान में कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल बाजपेई ने कहा कि "प्रकृति के संरक्षण के लिए पौधरोपण आवश्यक हैं। पेड़ों के अंधाधुंध कटाव से धरती वृक्षहीन होती जा रही है। जन-जन को अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर कम से कम एक पौधा निश्चित रूप से लगाना चाहिए।" कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कहा कि "हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है की हम सभी मिलकर पेड़ों की घटती संख्या को बढ़ाकर पर्यावरण को बचाने में अपनी महती भूमिका सुनिश्चित करें।"

इस अवसर पर राष्ट्रीय कैडेट कोर के ए.एन.ओ. डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पेड़ प्रकृति का छाता है अगर इस छाते को हमने काट दिया तो प्रकृति की छाव से पूरी धरती वीरान और बंजर हो जाएगी। प्रकृति के प्रति हमें संवेदनशील होना होगा। पौधारोपण अभियान में 102 यूं पी बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर, संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय, कृषि विभाग, नर्सिंग विभाग, पैरामेडिकल, फर्मेसी और आयुर्वेद कॉलेज के सभी विद्यार्थियों के साथ वृहद पौधारोपण अभियान को पूरा किया। पौधारोपण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. प्रेरणा अदिति, डॉ. अकिता मिश्रा, धनन्जय पाण्डेय, डॉ आशुतोष श्रीवास्तव, अनिल मिश्रा, जन्मेजय सोनी , अनिल शर्मा , कैडेट सागर जायसवाल, मोतीलाल, खुशी गुप्ता ,अभिषेक चौरसिया, हरयश्व साहनी, साक्षी प्रजापति, शालिनी चौहान, शिवम सिंह, अस्मिता सिंह,
श्रद्धा उपाध्याय, आंचल पाठक, खुशी यादव, संजना शर्मा आदि ने पौधारोपण में सहयोग किया।

राष्ट्रीय कैडेट कोर
NATIONAL CADET CORPS

राष्ट्रीय कैडेट कोर
NATIONAL CADET CORPS
102 UP BATTALION NCC
GORAKHPUR
एक पेड माँ के नाम।
महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर

राष्ट्रीय कैडेट कोर
NATIONAL CADET CORPS
NCC